>

Title : Need to provide houses under Indira Awas Yojana to people not included in BPL list and whose makeshift houses have been gutted in fire in Salempur Parliamentary Constituency, Uttar Pradesh.

श्री रमाशंकर राजभर (सलेमपुर): महोदय, देश के गरीबों को आवास बनवाने के लिए वर्ष 2002 की बीपीएल सूची में अंकित नामों के आधार पर चिह्नित कर इंदिरा आवास दिया जाता है, जबकि दैवीय आपदा से मेरे क्षेत्र में पृति वÂाऩ गर्मी के समय पृतिदिन सैंकड़ों गांव/घर जल रहे हैं, जिन्हें अहेतुक सहायता मिल जाती है। किन्तु भारत सरकार के दिशा-निर्देशों के अनुसार पीड़ित व्यक्तियों के नाम बीपीएल सूची वर्ष 2002 में न होने के कारण उनको इंदिरा आवास नहीं दिया जा रहा है, जिसके कारण हर वर्ष उनके कच्चे मकान आग का शिकार हो रहे हैं। तहसील बेल्थरा रोड, सिकंदरपुर, बांसडीह, जनपद बलिया एवं तहसील सलेमपुर, भाटपार के कई हजार घर जले हैं, जिससे लोग आसमान के नीचे रहने को मजबूर हैं।

मैं चाहूंगा कि बीपीएल सूची के अतिरिक्त पीड़ित परिवारों का आवास बनवाने के लिए दिशा-निर्देशों में संशोधन कर आवास बनवाए जाएं।